### NOTIFICATION PUBLISHING THE DATE OF COMMENCEMENT OF THE EMPLOYEES' PROVIDENT FUNDS (AMENDMENT) ACT, 1960

SHRI ABID ALI: Sir, I also beg to lay on the Table a copy of the Ministry of Labour and Employment Notification S. O. No. 3092, dated the 21st December, 1960, publishing the date of commencement of the Employees' Provident Funds (Amendment) Act, 1960. [Placed in Library. *See* No. LT-2624/61.]

### I. THE DISPLACED PERSONS (COMPENSATION AND REHABILITATION) AMENDMENT RULES, 1960

### II. THE DISPLACED PERSONS (COMPENSATION AND REHABILITATION) AMENDMENT RULES, 1961

### III. THE DISPLACED PERSONS (COMPENSATION AND REHABILITATION) SECOND AMENDMENT RULES, 1961

THE DEPUTY MINISTER OF REHABILITATION (SHRI P. S. NASKAR): Sir, I beg to lay on the Table, under *sub-section (3) of section 40 of* the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Act, 1954, a copy each of the following Notifications of the Ministry of Rehabilitation:—

(i) Notification G.S.R. No. 1566/R. Amdt. LI, dated the 26th December, 1960, publishing the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Amendment Rules, 1960.

(ii) Notification G.S.R. No. 53/R. Amdt. LII, dated the 4th January, 1961, publishing the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Amendment Rules, 1961.

(iii) Notification G.S.R. No. 101/R. Amdt. LIII, dated the 16th January, 1961, publishing the Displaced Persons (Compensation and Rehabilitation) Second Amendment Rules, 1961.

[Placed in Library. *See* No. LT-2625/61 for (i) to (iii).]

## MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS

DR. NIHAR RANJAN RAY (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, it is a well-known parliamentary practice that the Head of the State opens the annual Budget Session of the Parliament of the nation with an Address dealing with the policies and programmes of his Government for the ensuing year and incidentally also welcomes the accredited representatives of the people to their labours for the nation in the Sessions of the Parliament. Following this practice, the President presented an Address to the Parliament day before yesterday which we all listened to with the respectful attention it deserved. It was perhaps, if I am right, the shortest Address since this Parliament had been born, short, but perhaps a most significant Address for more reasons than one. Everyone must have noticed that the President devoted exactly half of his Address, by the counting of pages as well as by the counting of paragraphs, to the affairs of the world and another half to affairs domestic. The very brevity of the Address has also contributed, I believe to the subdued dignity and perhaps also to the stark objectivity that characterised the Address. Despite reasons for gloom on occasions and perhaps also frustration on more grounds than one, storm here and stress there, on the whole he has given us a picture that he holds, and we hold along with him, justifies hope and cautious optimism. These words were very carefully chosen—hope and cautious optimism—and were needed to be told with some emphasis. Throughout the Address, the President was very careful to choose his words and phrases. They have been rather mild and mellow but nowhere do they lack in firmness and strength as to the decisions and actions of the Government.

It has been perhaps in the fitness of things that while speaking of the affairs of the world he has referred

to the 'intransigence' of China in respect of our border dispute with her. Immediately after his Address, a copy of the report of the officials of the Governments of India and China was laid on the Tables of the Parliament. This report has pointed out very clearly that our northern boundary 'is defined by nature, confirmed by history and sanctified by the laws of the nation' and does not therefore require 'formal delimitation to establish its sanctity'. In this connection I would like to say a few words of tribute to the Indian officials who prepared our case to be presented before the Government of China. This report has been prepared after a great deal of labour. Much work has gone into it and as a humble student of history, I might say that it has been a fine example of historical scholarship. For the last 150 years or so, this report has laid bare all the necessary facts. We have been taught that facts are more important than hysterics, more important than all the urges and expressions of emotion. Those who have eyes to see facts should be able to see in which way the facts lend their weight, and if facts have their value, I have no doubt, speaking personally, that China would stand condemned before the eyes of the world. Only those who have jaundiced eyes would not see the logic and justice of our case and it is somewhat unfortunate that such jaundiced eyes are not altogether non-existent even among ourselves. China's flirtations with Pakistan and with our friendly neighbours, Bhutan and Sikkim, are also very well known, and time has come to tell our neighbours that such flirtations would not pay. Our foreign policy of peace and understanding and of co-existence is very well known. But at the same time, the world should also be given to understand that though we may be very peaceful, we are also very firm and strong, not only in our moral convictions, not only in the strength that we derive from the nation, but also in our defensive preparedness. New roads are being opened up. New preparations are being made and it is good to tell the world that we are building our case not merely on ideological foundations but we are defensively stronger today and we intend to carry on and to go ahead with our defensive preparations and military preparedness. To this peaceful but firm policy of ours and our progressive preparedness for defence, the President has drawn pointed attention.

The next point of importance to which this Address draws our attention is the situation in Africa, with special reference to the situation in the Congo. It is very unfortunate that the western world, the whole western world, has not yet been able to understand the situation and the awakening in Africa. A new continent is awakening there. It is growing in its consciousness and is gaining in strength every day. But this has not been taken into account by most of the European powers, and looking at the total situation I cannot help saying that somehow or other, the Western powers have failed. They have failed miserably so far as the situation in Algeria is concerned. They have failed more miserably in the Congo. Consider just for a moment, how under the very nose and before the very eyes of the United Nations Organisation, this spearhead of Congolese nationalism, the creator of the Congolese Parliament, Mr. Lumumba, was killed. He was murdered and this murder is a dastardly outrage not only against one individual, not only against Congo, but against the awakened conscience of humanity that is Africa. We all have been shocked. The murder of Mr. Lumumba has shocked everybody, every conscientious person anywhere in the world. It is a kind of international gangsterism. The cold war has degenerated into international gangsterism and what has been happening in the Congo for the last few months is a blot on civilization itself. Another life, another people are being sacrificed at the altar of the cold war. Our policy in respect of the Congo is very well known and I need not add anything more here.

[Dr. Nihar Ranjan Ray.]

In fact, I cannot add anything more to what the hon. the Prime Minister had stated in this House and in the other House yesterday. The President's Address has drawn pointed attention to this and it is only due to the fact that the Address was printed earlier, that this dastardly outrage, this murder of Mr. Lumumba could not be mentioned in the Address.

The Address has also drawn pointed attention to the situation in Laos. Our Government's policy is very well known. We want the reactivation of the International Commission of which India is a member. Other alternative proposals have been made, by Cambodia for instance, and China seems to prefer the proposal that has been proferred by Cambodia. Our Government's view is that it is not yet time to convene that larger conference. It may be held some time later. But the immediate thing to be done is to see that the International Commission is activised. This Commission should be convened as early as possible and the one single sentence in the Address, very mildly uttered—

> "Spread of conflict there might have serious repercussions in Asia and the world"—

is pregnant with meaning. It is true that on most points the President's Address does not say much. He does not dilate. Perhaps he does not wait to explain the situation. But as I said, the very brevity of his utterances gives them a pregnant meaning and significance.

The Address makes mention of our position in respect of Goa. Personally I have my impatience in respect of Goa and I would not, if I could, wait even a day to recover Goa. But international politics and international situations are not tackled by personal and emotional reactions and responses to things. Today, as we know, the story of the ship Santa Maria has pricked the bubble of the Salazar Government of Portugal. It may be a very small incident in the bigger canvas of the world situation. But one incident is enough to prick the bubble. Today, that one incident added to the Goa problem, has opened the eyes of the world and in the course of the last one week I have been scanning the pages of conservative British journals and I have found that they have been very sharply critical of the colonial character of the Portuguese Government. Today, Portugal is exposed before the world and world opinion is gradually, though very slowly, veering to the position we have taken in respect of Goa. Our policy is peaceful and one day, sooner or later, I hope sooner, Goa is bound to be integrated with our country and our people.

Pointed attention has been drawn in the Address to the apartheid policy of the South African Government. That problem still remains with us and unfortunately even the Conservative Government of Great Britain that frowns upon this apartheid policy and does not like it—I believe most Members of Parliament are aware—is still practising a kind of apartheid in the H. M. Royal Navy. One of the units of the Navy is at the moment cruising along the South African coastline. There are African Negro ratings in that unit, and do you know, just before that unit sailed for the coasts of South Africa, these few ratings were transferred to another ship which means that the Government of Great Britain acquiesced in the apartheid policy of South Africa. This is an incident which is being and has been criticised very strongly even in British papers, and I believe this is a fact which we should take into account.

Coming to domestic affairs, the President has drawn attention to the increase in our national income and whatever he has said in respect of this increase puts hope and faith not only in our future but faith in what we have been doing. If I remember

aright, in one of the previous sessions of Parliament, Government committed itself that it would make an enquiry as to the nature and character of the distribution of this increase in national wealth. There has been increase of national wealth, there is no doubt about it, but Government has committed itself to making an enquiry as to whether this increase is confined to certain classes and communities or is being more or less equitably distributed among all classes that constitute the population. An affirmation of that policy is needed.

We have also heard with interest that price levels have registered a rise of about 6 per cent as compared to the previous year. Various measures have been taken to check this rise. Again and again it has been voiced in Parliament that if we want our Plans to succeed, if we want all the activities that we have taken up to yield their richest benefits, then we must be able somehow or the other to hold the price-line. If prices go on increasing spirally, then no amount of increase of national wealth would be able to save us.

One very significant fact to which this Address draws attention is the extension of the Panchayati Raj or village democracy. I would mention one small fact. It has been mentioned again and again that decentralisation of our administration is needed and that this decentralisation must reach the limits of our villages. In fact, our villages must begin to feel and understand that they have a share in the administration. Democracy at the village level is potentially a very significant thing and if we now put a little heart into it—as the hon. Prime Minister said the other day, we must vest real power in these village democracies, that is, we must not only give them authority in regard to local administration but also place at their disposal sufficient funds to enable them to carry on the work of local administration—these things will develop. This is very important, and unless sufficient funds are placed at the disposal of these village democracies, no amount of goodwill can work the village democratic system.

The President has also drawn attention to the increase in industrial output and I believe we have made a record so far as the last ten years is concerned. There are very few nations in the world that can show this rate of increase within a period of ten years. He has also mentioned the multi-purpose river valley projects. In this connection, I am very glad to note that, though very belated, some attention is being paid by the Central Government to the decaying city of Calcutta, not because I come from Calcutta, not because I belong to Calcutta but because—we must not forget this—Calcutta is the gateway for many things. During the nineteenth century, it was almost the only gateway of gold, figuratively and even literally. You have only to go through the trade reports of the late Government of India right up to the years 1926-1928. In any case, I would remind this House that in the year 1932, the late lamented Dr. Meghnad Saha warned not only the people of Calcutta, but also the then Government, that the time was fast coming when Calcutta would sink in its own sewage. That is the situation of the city of Calcutta. Its population has increased by 100 per cent. in the last twelve years. It cannot bear the burden of this huge increase in population. The city is expanding without any plan. I am not using any figurative language. The city is in danger of its own life as a big city and unless and until something is done, the situation will become hopeless. We are all heartened to hear that the Centre is going to make some provision in the Third Five Year Plan. But I would take this opportunity to draw the attention of this House to the fact that Calcutta is a national problem. As a city it is a national problem and it must be taken into account at the national level.

[Dr. Nihar Ranjan Ray.]

I would also refer to another paragraph in which the President refers to the State of Nagaland within the Indian Union. In the course of two questions in this House this morning reference was made to conditions in Nagaland and I was very heartened to hear from the lips of the Prime Minister that the Government was determined to take proper action, adequate action, against the Naga hostiles. Our policy in this respect must be firm. After-three years of deliberations this Parliament chose to create a separate State of Nagaland within the Indian Union and once we have taken this step, there must not be any going back and there must not be any weakness. We must pursue a very firm policy in this respect and whatever hostile elements are there—call them anti-social or whatever you like—they are hostile elements, hostile not only to the newly created Nagaland but hostile to the integrity of the Indian nation and the Indian people.

Finally, in one sentence the President has mentioned four items. Addressing Members of Parliament, he says, "Your understanding, vigilance and co-operation in respect of the many problems of our economic planning" that is one, "our defence" that is second, "world peace" that is the third, "and the struggle of still dependent peoples......" These are the four items that should engage our attention here in this Parliament; problems of our economic planning and development and of our defence, these are certainly very important problems, but equally important are the problems of world peace to which we are dedicated and the problem of the struggle of still dependent peoples. If our national problems must engage our attention, these international problems must also engage our attention.

I only wish that one negative aspect of last year's life of the Indian people might have been mentioned in this connection. This is one important item that must engage our attention and, if we disregard it, we can do so only at our own peril, and that is the question of the emotional and intellectual integration of our people. We failed miserably in the course of the last one year. We failed in Assam; we failed in Punjab and I am very sorry to say—and it has hurt me—that we failed at Jabalpur. Some of these national problems we have not been able to solve. We must apply our mind to all the fissiparous tendencies that are at work and working to our greatest disadvantage. One most important problem before us is the unity of the nation. This phrase has been used in the President's Address. This unity has got to be maintained and we must be able to evolve a programme. We must also be very firm in respect of all these fissiparous tendencies and not give any quarter to anybody, howsoever highly placed in life he may be.

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): The A.I.C.C. has appointed an Integration Committee.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order, order.

DR. NIHAR RANJAN RAY: This is the appeal that the President has made and I would personally end with this question of our emotional integration.

Finally, I would quote the last sentence on this subject from the Address:—

> "The unity and the social well-being of our entire people, the rapid progress to a democratic and socialist society, wherein changes must be timely and progress grow from more to more, must be attained peacefully and by consent."

Mark this; we are committed to a democratic State and it must be attained peacefully and by consent. Democracy is Government by consent.

All of us here, whether on this side or that side, must agree that whatever progress we want to attain must be attained peacefully and by common consent. With these words I move the Motion that stands in my name:

"That an Address be presented to the President in the following terms:—

'That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both the Houses of Parliament assembled together on the 14th February, 1961.' "

Thank you.

**श्रीमती सीता युद्धवीर** (आंध्र प्रदेश) : उपसभापति महोदय, अभी आपके सामने डा० नीहार रंजन राय ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो प्रस्ताव रखा है उसका मैं हार्दिक अनुमोदन करती हूं । यह बहुत ही खुशी की बात है कि सन् १९६० के वर्ष में हमारे देश में और देश के बाहर जो कुछ भी घटनायें हुई हैं वे ऐतिहासिक और संस्मरणीय घटनायें हैं । भारत सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति में और देश की आन्तरिक स्थिति में जो कुछ भी कार्य किया है वह बहुत ही प्रशंसनीय है और उसके लिये मैं उसको बधाई देती हूं ।

मुझे यह कहने में बड़ी खुशी होती है कि जो चन्द खुशकिस्मत देश हैं—जिनका कि बाहर के देशों के साथ बड़ा अच्छा सम्बन्ध रहा है और जिनके देश के अन्दर स्थिरता है—उन कुछ देशों में हमारा देश भी है । गत वर्ष हम लोगों ने यहां पर स्थिरता कायम की है और बाहर के देशों के साथ जो मैत्री सम्बन्ध था उसमें दृढ़ता कायम की है । मुझे यह कहते हुए खुशी होती है कि बाहर की जनता, विश्व की जनता, हमारे हिन्दुस्तान की ४० करोड़ जनता की ओर दृष्टि लगाये बैठी है कि हिन्दुस्तान की जनता अब क्या कर रही है और क्या करने वाली है क्योंकि हिन्दुस्तान में जो तब्दीलियां होती हैं उनका असर केवल हिन्दुस्तान के ही अन्दर नहीं बल्कि विश्व के ऊपर भी पड़ता है ।

मुझे यह कहते हुए खुशी होती है, श्रीमन्, कि कितनी भी मुसीबतों के आने पर भी हिन्दुस्तान की सरकार ने हमारे जो मौलिक सिद्धांत है उनको कभी भी छोड़ा नहीं है । हमारे जो मौलिक सिद्धांत, फ्रीडम, इक्वालिटी और पीस के है उनके ऊपर ही हमेशा हमारी अन्तर्राष्ट्रीय नीति और देश की आन्तरिक नीति आधारित रही है । हर परिस्थिति मे हम इन्हीं मौलिक सिद्धांतों पर अटल रहे हैं और इनको ही कार्यान्वित किया गया है । हमारे देश में सावरेन डेमोक्रटिक रिपब्लिक को कायम हुए १० वर्ष से कुछ ज्यादा अर्सा गुजर रहा है । सन् १९५० से लेकर सन् १९६० तक १० वर्ष का जो काल बीता है इसको एक ऐतिहासिक काल कह सकते हैं क्योंकि पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी और सोशलिस्ट प्लानिंग ये एक दूसरे के विरुद्ध नहीं हैं इसको हमने सबके सामने रखा है और जिसका अनुसरण बाहर के दूसरे देश भी कर सकते हैं । केवल राजनैतिक स्वाधीनता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता ही लक्ष्य नहीं होना चाहिये बल्कि आर्थिक सुस्थिरता और कल्चरल डेवलपमेंट भी प्राप्त होना चाहिये, ऐसा मेरा विश्वास है, क्योंकि राष्ट्र की आर्थिक उन्नति के लिये इसकी आवश्यकता है कि जो युनिटी और स्टैबिलिटी है उसको हम बरकरार रखें । नेशनल युनिटी और पोलिटिकल स्टैबिलिटी में हम उन लोगों का भी ध्यान रखें जो कि छोटे छोटे पैमाने पर इस देश की प्रगति में बाधा डालते हैं क्योंकि इससे आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक प्रगति में बाधा पड़ती है । हमें आज यह भी नहीं भूलना चाहिये कि हमारे देश में वर्ण, जाति, भाषा के नाम पर छोटे छोटे पैमाने पर लोग रोड़े अटकाते हैं । गत वर्ष आसाम में जो निन्दनीय घटनायें

[श्रीमती सीता युद्धवीर]

हुई है उनका मुझे दुख है और इसके कारण हमारी प्रगति में बाधा पड़ी है। हमें यह आशा नहीं थी। जब हमारी सरकार ने भाषा के आधार पर प्रान्तों का नव-निर्माण किया था उस वक्त हमें विश्वास था कि हमारे जो छोटे छोटे अन्दरूनी झगड़े हैं वे अब खत्म हो जायेंगे।

मगर फिर भी आज हमारी सरकार को इस बारे में सतर्क रहना चाहिये कि हमारे देश में भाषा के आधार पर अभी भी अल्पसंख्यकों का सवाल पैदा हो रहा है, मुझे विश्वास है कि जिस तरह से बड़ी बड़ी समस्याओं का हल हमारी सरकार ने किया है उसी तरह से इस समस्या का हल भी बड़े सुचारू रूप से हो जायेगा।

मुझे यह कहते हुए बड़ी खुशी होती है कि बम्बई जैसे द्विभाषी प्रान्त की जो एक जटिल समस्या हमारे सामने खड़ी थी उस समस्या का हल हमारी सरकार ने बड़ी ही समझदारी से और शांति के वातावरण में करके महाराष्ट्र प्रान्त और गुजरात प्रान्त बनाने का जो बड़ा साहसिक कदम उठाया उसके लिये मैं सरकार को, वहां की जनता को शांति कायम रखने के लिये बधाई देती हूं। नागा प्रदेश का निर्माण जिस चतुराई और समझौते का परिणाम है, वह भी एक बड़ा कदम है और हम आशा करते हैं कि इस अस्थिर प्रदेश में शांति जल्दी ही स्थापित हो जायेगी।

श्रीमन्, मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि हाल ही में जल वितरण के सवाल को ले कर मध्य और दक्षिण प्रदेश में जो एक नयी समस्या खड़ी हो गयी है, जिसके कारण मतभेद पैदा हो गया है, उसका क्या परिणाम होगा यह कहना मुश्किल है। मगर मैं आशा करूंगी कि हमारी सरकार इसमें भी सतर्क है। मुझे दुख है कि आज हमारी मानव जाति जमीन के झगड़ों से हट कर जल के झगड़े के अन्दर फंसती जा रही है और मैं तो कभी कभी यह सोचती हूं इन झगड़ों को देख कर कि कहीं हम जमीन और जल के झगड़े के साथ वायु के झगड़े में भी न फंस जायें क्योंकि ऐसे समय में जब हमारे सामने राष्ट्र का नवनिर्माण हो रहा है तब राष्ट्रीय दृष्टिकोण को छोड़ कर यदि हम उन छोटे छोटे झगड़ो में फंस गये तो यह हमारे लिये लज्जा की बात होगी, और इस बात को हमें सोचने की आवश्यकता है। कुछेक छोटी छोटी बातों को छोड़ कर, बड़े पैमाने पर अगर हम देखें तो पिछला वर्ष बहुत ही अच्छी तरह बीता है।

श्रीमन्, इस देश में बाहर के लोगों और सीलोन और बर्मा के प्राइम मिनिस्टरों का आना और उनका स्वागत करना, यह भी हमारे लिये बहुत खुशकिस्मती की बात है। इस वर्ष के शुरुआत से ही हमारा श्रीगणेश बहुत सुन्दर तरीके से हुआ है। इस वक्त इंगलैंड की महारानी का यहां आना एक बड़ी ऐतिहासिक घटना रहेगी और जिस प्रकार हमने उनका भव्य स्वागत किया है उससे मेरा पूर्ण विश्वास है कि उनके प्रति हमारा जो स्नेह और हमारी जो प्रीति है उस संबंध में एक बहुत बड़ी दृढ़ता कायम हुई है

श्रीमन्, अभी तक मैं आपके सामने अपने देश की अंदरूनी बातों का जिक्र कर रही थी। मगर मुझे यह कहते हुए खुशी होती है कि गत वर्ष हमारे देश के जो संबंध अन्य पड़ौसी देशों के साथ थे उनमें बहुत हद तक सुधार हुआ है। विश्व बैंक की मध्यस्थता के कारण नदी जल वितरण के संबंध में जो पाकिस्तान का बड़ा मतभेद था वह भी समाधानपूर्वक और आनन्द से समाप्त हुआ है। अभी हमारे पश्चिमी बंगाल के भाइयों ने बेरूबारी के संबंध में जो अपना विरोध प्रकट किया था वह प्रश्न भी हल हो चुका है। पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध में काफी सुधार हो गया है और काफी कुछ बाकी है। विभाजन संबंधी कर्ज तथा अन्य आर्थिक विषयों में जो समझौता अभी नहीं हुआ है मुझे आशा है वह भी इस वर्ष में अच्छी तरह से हो जायेगा। बर्मा और चीन देशों के

साथ हमारे संबंध अच्छे रहे हैं मगर मुझे यह कहते हुए बड़ा दुख होता है कि न्यू चाइना जो हमारा एक पड़ौसी देश है, जिसके साथ हम मित्रता कायम करना चाहते हैं उसने अनधिकृत रीति से जिस प्रकार हमारे देश पर कब्जा किया है उसका हमें स्वप्न में भी ख्याल नही था। यह हमारे लिये बहुत गंभीर प्रश्न है और एक पड़ौसी देश के सम्बन्ध की दृष्टि से ऐसा नहीं होना चाहिये, हालांकि चीन के साथ सीमा संबंधी प्रश्न का हल किस तरह से होगा उसको कहना कठिन है मगर मैं आशा करती हूं कि यह प्रश्न सुलझ जायेगा और हमारी सरकार ने इस बारे में जो दृढ़ता और सहनशीलता दिखायी है उसके लिये मैं उस को बधाई देती हूं, हालाकि न्यू चाइना के लिये, हम विश्व के मंच पर समर्थक बने और जिसके कारण हमे खतरा था कि हमारे मित्र देश इस से कहीं नाराज न हो जायें। फिर भी हम ने जो हमारे मौलिक सिद्धान्त हैं उनको आज तक नही छोड़ा है और यह हमारे लिये खुशी की बात है।

नेपाल में जो कुछ हो रहा है, जो घटनायें हो रही हैं, वे भी समयानुकूल नहीं है, संतोषजनक भी नहीं है। नेपाल के आन्तरिक विषयों में मदाखलत करना हमारे लिये उचित नहीं है मगर फिर भी विश्व की राजनैतिक विचारधाराओं को ध्यान में लाकर हम यह कहे बिना नही रह सकते कि हमें उस बात से बहुत निराशा हुई है। गत वर्ष विश्व के अन्य स्थानों में जो घटनायें हुई उनसे भी हम संतुष्ट नहीं हैं। कांगों की घटना और लाओस की स्थिति से विश्व संघर्ष की सभावना का खतरा है, ऐसा मेरा विचार है। कांगों मे नागरिक अधिकार बनाये रखने तथा संसदीय पद्धति की सरकार स्थापित करने के लिये हमने वहा पर काफी मदद करने का प्रयत्न किया है और वह दूसरों से कम नही है। यू० एन० ओ० के लिये इस कार्य में सफल होना एक परीक्षा है। दुनिया की बडी ताकतें कागों और लाओस के आन्तरिक विवाद में किसी के पक्ष में हिस्सा न लें तो इस समय हिन्दुस्तान की तरह से शांति कायम करने के लिये वहां जो कोशिश हो रही है वह कामयाब होगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

श्रीमन्, हमारे देश का रशिया के साथ बहुत ही घनिष्ठ संबंध होता जा रहा है, यह कहते हुए मुझे बहुत खुशी होती है और अधिक खुशी इसलिये होती है क्योंकि अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में भी उस देश के और हमारे देश के विचार आपस में काफी मिलते जुलते हैं और मिल कर ही कार्य कर रहे है। अमरीका के नये प्रेसीडेंट मि० जान कैनेडी के विचारों से हमें महसूस होता है कि वे भी हमारे प्रति मित्रता का भाव रखते है। उनके प्रेसीडेंट चुने जाने पर हमें खुशी है और हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में कोल्ड वार का जो तनाव है वह कम हो जायेगा।

श्रीमन्, अफ्रीका में जो महान् जागृति आई है और वहां जो बहुत सारे स्वाधीन राज्यों का निर्माण हो रहा है उससे जाहिर होता है कि साम्राज्यवाद का जो जोर वहां था वह अब कम हो रहा है और उसका अन्तिम अध्याय लिखा जा रहा है, मगर यह हमें कभी भी नहीं भूलना चाहिये कि यह साम्राज्यवाद अथवा उपनिवेशवाद सरलता से नष्ट नहीं होता, मौका मिलने पर वह पीछे के दरवाजे से अन्दर आने के लिये हमेशा कोशिश करता रहता है। सच बात यह है कि इस समय विश्व में प्रजा सत्ता अपने भविष्य के लिये हिन्दुस्तान की तरफ देख रही है और इस बात को कहने में मुझे कोई अतिशयोक्ति नही लगती कि भारत प्रजा सत्ता की रक्षा के लिये कांग्रेस पार्टी की ओर देख रहा है। आज तक इस प्रजा सत्ता को कायम रखने के लिये कांग्रेस पार्टी ने जो कार्य किया है वह एक ऐतिहासिक घटना है। प्रजा सत्ता पद्धति एक राजनैतिक पद्धति के तौर पर उस समय तक बढ़ नहीं सकती जब तक वह जीवन का एक मार्ग न

[श्रीमती सीता युद्धवीर]

बना ले। आज हमारा निश्चित प्रयत्न अज्ञान, गरीबी और बीमारी को दूर करना है और इन तीनों दुश्मनों से हम शांतिपूर्वक मुकाबला करके उनको दूर करने की कोशिश करते हैं। इसके लिये भी मै अपनी सरकार को बधाई देती हूं। ये जो हमारे तीन अन्दरूनी दुश्मन हैं इन को हम कृषि सुधार और शीघ्र औद्योगीकरण के जरिये से ही दूर कर सकते हैं। श्रीमन्, मुझे कहते हुए खुशी होती है कि इस वर्ष में सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि हम सेकेन्ड फाइव ईयर प्लान खत्म करके थर्ड फाइव ईयर प्लान की बातें सोच रहे हैं। गत वर्ष की जो त्रुटियां हैं उनको ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार का यह विश्वास है कि नेशनल इनकम में बीस परसेन्ट की वृद्धि होगी। कुछ क्षेत्रों में हमने जो प्रगति की है उससे भी हम महसूस करते हैं कि हमारा भावी बहुत उज्ज्वल है। किसी भी योजना को सफल बनाने के लिये फूड, फ्यूल, पावर, मैटल और स्टील, ये पांच चीजें जो हैं ये मुख्य अंग हैं और इन पांच क्षेत्रों में हमारी सरकार ने बहुत ही अच्छी तरक्की की है, इसके लिये मैं सरकार को हार्दिक बधाई देती हूं। सन् १९५० से लेकर १९६० तक हमारी अन्न की जो समस्या थी उस में ४० परसेंट का बढ़ावा हुआ है और यह कोई साधारण कार्य नहीं है। मगर इस के लिये अभी काफी कुछ करना बाकी है। सांइटिफिक तरीकों को अपनाने के लिये हमारी गवर्नमेंट कोशिश कर रही है। लेकिन चाहे कितने भी सांइटिफिक तरीकों को हम अपनायें, जब तक प्रकृति काबू में नहीं आती, तब तक इन्सान कुछ नहीं कर सकता। कुछ समय पूर्व हम सुन रहे थे कि रशिया और चाइना में फूड प्राबलम खत्म हो गई है मगर कुछ समय से ऐसी आवाजें हमारे कान में आती हैं कि वहां समय पर प्रकृति के साथ न देने से कठिनाइयां उत्पन्न हो गई हैं। सैकेन्ड प्लान में इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के लिये जो पक्की बुनियाद डाली गई है उसमें मुख्य बातें लोहे का उत्पादन, यन्त्र निर्माण और तेल की तलाशी, यह एक क्रान्तिकारी कदम है और इस से भी हमें खुशी है कि हमारी आर्थिक व्यवस्था जो जटिल हो चुकी है वह बहुत ही अच्छी हो जायेगी। और ये बड़ी बड़ी योजनायें पब्लिक सेक्टर में लाई जा रही हैं। देश में समाजवादी व्यवस्था को लाने के लिये देश की अर्थव्यवस्था को पब्लिक सैक्टर में विस्तृत बनाने की आवश्यकता है और हर स्टेट में कोई न कोई कारखाना होना जरुरी है। पब्लिक सेक्टर में जितनी भी इंडस्ट्रीज की स्थापना की जरूरत है उसके लिये हमें फारेन एक्सचेंज की आवश्यकता होती है। अब हमारे लिये सोचने का वक्त आ गया है कि हमे बाहर की मदद लेनी चाहिये या नही क्योंकि पिछले तजुर्बे ने यह बतला दिया है कि हम हिम्मत करके अपने पावों पर खड़े हो सकते हैं और बड़े से बड़े कार्य को अच्छी तरह कर सकते हैं। बाहर से फौरन एक्सचेंज लेने के लिये हमें दूसरे मुल्कों की मदद लेनी पड़ती है और यह बात ध्यान में रखने योग्य है कि हमें अपने देश के राष्ट्रीय गौरव को बरकरार रखने के लिये बाहर के देशों में से मदद लेनी चाहिये या नहीं ?

यह जान कर बड़ी खुशी होती है कि पहली और दूसरी पंचवर्षीय योजना में जितना रुपया खर्च हुआ है उतना ही रुपया तीसरी योजना में भी हम खर्च करने जा रहे है। इससे मुझे यह विश्वास पैदा हो जाता है कि हमारे देश के अन्न उत्पादन मे दस करोड़ टन की वृद्धि हो जायेगी, बिजली का उत्पादन एक करोड़ किलोवाट ज्यादा हो जायेगा और कोयले के उत्पादन में दस करोड टन की वृद्धि हो जायेगी। इन सब चीजों की वृद्धि से देश की जनता में उत्साह पैदा हो रहा है और वह महसूस कर रही है कि उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है।

श्रीमन्, सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि हमने विकेन्द्रीकरण की बात को मान लिया और इस उसूल को मान कर सारे देश में पंचायती राज का निर्माण करने जा

रहे है । छोटी छोटी बातें कभी कभी देश के लिये दुखदाई होती हैं लेकिन जिस बात को लेकर हम सारे देश मे पंचायत राज का निर्माण करने जा रहे है उससे हमारे देश की जनता में एक तरह की जागृति पैदा हो जायेगी । पंचायत राज की स्थापना पहले आंध्र प्रदेश और राजस्थान में हुई थी और अब धीरे धीरे हर प्रदेश में यह कार्य होने जा रहा है । तीसरे प्लान में यह बतलाया गया है कि देश के हर गांव में पंचायती राज की स्थापना हो जायेगी और छः वर्ष से लेकर ग्यारह वर्ष तक के हर एक बच्चे को प्राइमरी शिक्षा मुफ्त दी जायेगी । देश के हर एक गांव को बड़ी सड़कों से मिलाने के लिये नई सड़कें बनेंगी और हर एक गांव में स्कूल, अस्पताल आदि बन जायेंगे । इस तरह की छोटी छोटी बातें मनुष्य के जीवन को परिवर्तित करने में सहायता देती हैं और मनुष्य का जीवन इस तरह की छोटी बातों के पूर्ण होने पर ही सफल होता है और उसे संतोष मिलता है । तो मैं यह कहूंगी कि हमारे राष्ट्रपति के अभिभाषण में पिछले वर्ष का पूरा निचोड़ मिलता है और अगर हम इस निचोड़ को ध्यान से देखें तो हमारा दिल फूला नही समाता और हमारी आत्मा एक ठंडी सांस लेती है । हमारी गवर्नमेंट की जो मशीनरी है और उसके जो कार्यकर्ता हैं वे देश की जटिल से जटिल समस्याओं को हल करते चले जा रहे है । जिस ध्येय को सामने रख कर हमारे कार्यकर्ता काम कर रहे है उससे हमारा देश आगे बढ़ने वाला है । आज विश्व की अन्तर्राष्ट्रीय नीति मे भी भारत की आवाज़ सबसे पहले सुनी जाती है । लेकिन हमें यह नही भूल जाना चाहिये कि बाहरी सफलताओं से ही हमारा कार्य पूरा नही हो जाता है । इसके साथ ही साथ हमें यह भी देखना चाहिये कि हमारी जो अन्दरूनी ताकत है वह मजबूत होनी चाहिये । जब तक वह ताकत मजबूत नही होगी तब तक हम किसी भी कार्य में सफल नही हो सकते हैं ।

श्रीमन्, जो प्रस्ताव हमारे सामने रखा गया है उसका मै हार्दिक अनुमोदन करती हूं और साथ ही साथ आपको भी हार्दिक धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे इस प्रस्ताव का अनुमोदन करने का समय दिया है ।

*The question was proposed.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There are three amendments to the Motion.

SHRI GANGA SHARAN SINHA (**Bihar**): Sir, I move:

1. "That at the end of the Motion the following be added, namely:—

> 'but regret that there is no awareness in the Address of the growing fissiparous tendencies in the country and the need to strengthen national integrity'."

2. "That at the end of the Motion the following be added, namely:—

> 'but regret that references to the liberation of Goa and vacation of occupied territories of India, are vague and in the nature of pious hopes while no concrete steps have been indicated to restore them to the Indian Union'."

(*These amendments also stood in the names of Shri Rohit M. Dave, Prof. M. B. Lal and Dr. A. N. Bose*)

SHRI P. L. KUREEL *urf* TALIB (Uttar Pradesh): Sir, I move:

3. "That at the end of the Motion the following be added, namely:—

> 'but regret—
>
> (i) that no solid programme has been presented of order to bring socialism in the country and to establish a welfare State with the co-operation of all the opposition parties;
>
> (ii) that no definite programme has been presented for eradicating unemployment and poverty in the hilly and other backward areas of the country and no con-

[Shri P. L. Kureel'*urf* Talib.] crete suggestion has been made for ending the injustices that are being done to the poor landless farmers and tillers in the country nor any programme has been presented for increasing food production in the country;

(iii) that no declaration has been made of the Government's intention to implement the report of the Backward Classes Commission;

(iv) that no declaration has been made for compulsory and free education up to the 8th Class;

(v) that no reason has been given for the indifferent attitude of the Government towards the question of conducting all business in Hindi, the national language in place of English in the High Courts of Hindi speaking States;

(vi) that no concrete programme has been put forward to end the unauthorised occupation of thousands of square miles of our territory by China'."

*The questions were proposed.*

**श्री गंगाशरण सिंह** : माननीय डिप्टी चेयरमैन साहब, विभिन्न विषयों पर कुछ निवेदन करने से पहले मैं प्रारम्भ में यह कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढ़कर, सुनकर मुझे निराशा हुई है। राष्ट्रपति का अभिभाषण साधारण भाषणों की तरह नहीं है। वह मात्र किसी अखबार की रिपोर्ट नहीं है और न रेडियो पर प्रसारित होने वाले समाचार की तरह रंग रूप विहीन एक पदार्थ है। राष्ट्रपति के अभिभाषण से यह आशा रहती है कि जो घटनायें घटित हुई हैं, एक वर्ष के बीच में जो समस्यायें हमारे सामने आई हैं उनका विश्लेषण इस अभिभाषण में मिलेगा और आगे के लिये इसके आधार पर नई नीति की घोषणा की जायेगी और देश को नई प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण का मुख्य उद्देश्य यही होता है। लेकिन जो भाषण हमारे सामने है और जिस पर हम विचार करने के लिये बैठे हैं उसमें न तो उस विश्लेषण का कहीं पता चलता है और न उस नीति का, जिस नीति की अपेक्षा हम उनसे रखते हैं।

जहां तक देश के सामने प्रेरणा का प्रश्न है वह उनके भाषण से उठता ही नहीं है। चाहे राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर कुछ हुआ हो मगर यह भाषण देश पर एक तरह की असमर्थता और एक तरह की वेट एंड सी पालिसी का असर डालता है। यह प्रतीक्षा की नीति देशी और विदेशी दोनों मामलों में इस भाषण से प्रकट होती है। साथ ही साथ जिन विषयों का उल्लेख नहीं किया गया है वे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं और जो हमारे देश के सामने एक विकट समस्या के रूप में खड़े हैं उन सब बातों का इस भाषण में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। जहां तक मुझे स्मरण है देश की दो राष्ट्रीय पार्टियों ने इन बातों पर अपना ध्यान दिया है और उन के सामने ये समस्यायें हैं। आज देश में विशृंखलता की जो भावना फैल रही है, चाहे वह भाषा की दृष्टि से हो, चाहे सीमा के विवाद की दृष्टि से हो, चाहे सम्प्रदाय की दृष्टि से हो और चाहे आर्थिक दृष्टि से हो, वह देश के लिये घातक है और राष्ट्रीय एकता के लिये घातक है। इन समस्याओं पर दोनों पार्टियों ने काफी समय लगाया और इन विषयों ने उनका काफी ध्यान आकर्षित किया पर इन विषयों का कहीं भी राष्ट्रपति के अभिभाषण में उल्लेख नहीं मिलता है। न इसके सम्बन्ध में कहीं पर जिक्र ही आता है और न इन समस्याओं के सम्बन्ध में कोई सुझाव ही रखा गया है।

जहां तक आंतरिक मामलों का प्रश्न है, सब से बड़ा प्रश्न आज देश के सामने नेशनल इंटिग्रेशन का है--देश को एक सूत्र में बांधे रखने का है। आन्तरिक मामलों में सबसे मुख्य यह है कि देश को एक सूत्र

में बंधा रहना चाहिये । हमें सभी लोगों को एक सूत्र में बांधे रखना चाहिये । लेकिन हमारे देश में एक सूत्रता नहीं रह गई है, हमारे में नेशनल इंटिग्रेशन नहीं रह गया है । नतीजा यह हो रहा है कि जो हमारी विदेशी नीति है वह भी सही मायने में सफल नहीं हो पाती है और उसको हम ज्यादा कारगर नही कर सकते हैं । हमारे प्लानों में, हमारे हाथों और हमारे शब्दों में वह शक्ति नहीं रह जाती है । हममें आज उचित नेशनल इंटिग्रेशन का अभाव है । इस नेशनल इंटिग्रेशन का हमारे राष्ट्रपति के अभिभाषण में कहीं भी जिक्र नहीं है ।

दूसरी बात यह है कि जो हमारे सामने मामले हैं, जिनका उल्लेख अभिभाषण में किया गया है वह इस तरह से किया गया है कि जैसे कि कोई प्रेस रिपोर्ट है । राष्ट्रपति के अभिभाषण में ज्यादातर जिक्र इस बात का है कि अमुक मुल्क के साहब आये और अमुक मुल्क में हमारे अमुक साहब गये । मैं समझता हूं कि ये सब बातें अखबारों से जानने लायक हैं और इस तरह की बातों को राष्ट्रपति के अभिभाषण में देने की आवश्यकता नहीं है । इस तरह की चीजें तो अखबारों के जरिये या दूसरे ज़रिये से जनता तक पहुंच जाती हैं । इनका उल्लेख संक्षिप्त होता या नहीं होता अगर राष्ट्रपति के अभिभाषण में आन्तरिक मामलों पर ज्यादा जोर दिया जाता तो मेरे ख्याल में इस से हमारा भला होता, देश का भला होता । इस अभिभाषण का महत्व अन्य भाषणों से ज्यादा महत्व का होना चाहिये था क्योंकि आम चुनाव की समाप्ति के पहले राष्ट्रपति का यह अभिभाषण है और यही हमारे सामने चुनाव तक रहेगा । मुझे ठीक तरह से स्मरण नहीं कि अगला जो अभिभाषण होगा वह चुनाव के पहले होगा या बाद में होगा । चुनाव के पहले तो शायद नहीं होगा तो या तो उस समय चुनाव होते रहेंगे या चुनाव समाप्त हो जायेंगे । इस दृष्टि से राष्ट्रपति का यह अभिभाषण बहुत ही महत्व का है । मैं तो यह समझता हूं कि राष्ट्रपति का अभिभाषण हमारी सरकार की नीति के रूप में देश के सामने आना चाहिये था ताकि देश उस पर विचार कर सके और उसके आधार पर देश सरकार के कारनामों पर विचार कर सके । लेकिन उसके बजाय बहुत ही हल्के किस्म का अभिभाषण हमारे सामने आज उपस्थित है और इसीलिये आज मुझे एक परेशानी यह होती है कि जिन बातों का जिक्र इस अभिभाषण में है, उनके सम्बन्ध में जितना कहना है उससे ज्यादा कहने की बातें ऐसी हैं जिनका जिक्र इस अभिभाषण में नहीं है, जिनको जान बूझकर या लापरवाही से छोड़ दिया गया है। Are we adjourning for lunch?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes. Please continue at 2.30 P.M.

The House stands adjourned till 2-30 P.M.

*The House then adjourned for lunch at one of the clock.*

The House reassembled after lunch at half-past two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is a message from the Lok Sabha.

---

## MESSAGE FROM THE LOK SABHA

### THE MATERNITY BENEFIT BILL, 1960

SECRETARY: Sir, I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary of the Lok Sabha:—

"I am directed to inform Rajya Sabha that Lok Sabha, at its sitting